

### एक नजर में

**अबेकस की राज्य स्तरीय परीक्षा में रहा गुना का दबदबा**

**गुना।** देवास में आयोजित वर्ष 2025-26 की राज्य स्तरीय अबेकस प्रतियोगिता में गुना की मनीषा अबेकस क्लासेस के विद्यार्थियों ने अपनी मेधा का लोहा मनवाते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में संस्थान के 10 बच्चों ने अपनी गणितीय गणना की गति और सटीकता से सभी को प्रभावित करते हुए विभिन्न पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में कड़े मुकाबले के बीच सात्विक बिंदल और रियांशी बिंदल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल कर शहर का नाम रोशन किया। संस्थान के अन्य बच्चों ने भी पदक तालिका में अपनी जगह बनाई, जिनमें रूद्रांश अरोरा, अतिश भटनागर, दैविक जैन, अबीर शिवहरे और हार्दिक परमार ने अपनी श्रेणी में सिल्वर मेडल प्राप्त किए। इनके अलावा मिशिका अरोरा ने कांस्य पदक (ब्रोंज मेडल) जीता, जबकि कतांशी जैन और दिव्यंम रघुवंशी अपने शानदार प्रदर्शन के साथ रनर-अप रहे।

**बूढ़े बालाजी क्षेत्रों में आज 4 घंटे रहेगी बिजली प्रभावित**

**गुना।** 33/11 के.व्ही. बूढ़े बालाजी सब-स्टेशन पर आरडीएसएस योजना के अंतर्गत कल यानी 8 जनवरी को आवश्यक सुधार कार्यों के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस तकनीकी कार्य के चलते गुरुवार सुबह 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक संबंधित क्षेत्रों की बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी। विद्युत कंपनी के अनुसार, इस कटौती से मुख्य रूप से पुरानी छावनी, सकतपुर रोड, हरिपुर रोड, सरस्वती विहार और बूढ़े बालाजी क्षेत्र प्रभावित होंगे। इसके साथ ही पवन कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड, मरघट शाला के पास का इलाका, श्री हनुमान टेकरी, शिवपुरम कॉलोनी, न्यू टेकरी रोड, पिपरोदा तथा सकतपुर फीडर से जुड़े क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बंद रहेगा।

# गोलियों से फिर गूंजा पारदी बाहुल्य गांव खैजरा

## अंतिम संस्कार में शामिल होने आई महिला को गोली लगी, साथी पारदियों पर अंधाधुंध फायरिंग करने का आरोप

नवभारत न्यूज

**गुना 7 जन. का। जिले के खैजरा गांव पारदियों की रंजिश के चलते एक बार फिर गोलियों की धमक से गूंज उठा। बुधवार को एक बुजुर्ग महिला के अंतिम संस्कार में पहुंचे लोगों पर अचानक अंधाधुंध फायरिंग करने की जानकारी सामने आ रही है। इस सनसनीखेज वारदात में एक महिला और नाबालिग घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**



जानकारी सामने आई है कि धरनावदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पारदी बाहुल्य गांव में बीमारी से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी। बुधवार सुबह 10 बजे उसके रिश्तेदार मोर बाई पत्नि संग्राम पारदी सहित दर्जनों लोग पहुंचे थे। इसी दौरान खेतों में छिपे बैठे कुछ लोगों ने अचानक फायरिंग करना शुरु कर दिया। इस गोलीबारी में 40 वर्षीय मोर बाई को गोली लगी है, जबकि एक नाबालिग को भी छर्रे लगने से वह मामूली रूप से घायल हुआ है। मोर बाई के परिजनों ने दावा किया है कि गोली चलाने वाले शख्स राम पूजन पारदी और उसके साथी कृष्णा, वीरेंद्र, अमर सहित कई लोग थे। जिन्हें उन्होंने पहचान लिया है। बताया गया है कि राम पूजन ने सितंबर महीने में ही मोर बाई के देवर और संग्राम के भाई खेरू पारदी की खेत में भैंस घुसने के विवाद को लेकर हत्या कर दी थी। तब से दोनों परिवारों के बीच रंजिश बढ़ गई है। रामपूजन पर एक बार फिर गोली चलने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित पक्ष का दावा है कि उन्होंने गोलियों की आवाज सुनते ही झागर पुलिस चौकी से संपर्क किया, लेकिन पुलिस काफी देर तक मौके पर ही नहीं आई। जबकि आरोपी लगातार मौके पर ही खड़े होकर धमकियां देते रहे और फायरिंग करते रहे। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मोर बाई को गंभीर घायल अवस्था में गुना लाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दूसरी ओर इस घटनाक्रम को लेकर पुलिस का अधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। लेकिन धरनावदा थाना क्षेत्र के खैजरा में सामने आई इस घटना ने पारदी बाहुल्य इस गांव में गुटीय संघर्ष बरकरार रहने की पुष्टि जरूर कर दी है।

**फिर सुर्खियों में आया राम पूजन पारदी**

इस घटना के बाद एक बार राम पूजन पारदी फिर सुर्खियों में आ गया है। सितंबर महीने के दौरान खेरू पारदी की हत्या को लेकर राम पूजन पर मुकदमा दर्ज किया गया था। तब से राम पूजन और उसके साथी लगातार क्षेत्र में दहशत का पर्याय बने हुए हैं। बुधवार को भी घटनाक्रम रंजिश के चलते सामने आया है। मोर बाई का परिवार राम पूजन का विरोधी बताया जाता है। इस घटनाक्रम ने खैजरा के पारदी समुदाय के बीच बरकरार गुटीय संघर्ष को एक बार फिर उजागर करके रख दिया है। पुलिस की कार्रवाई भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

**16 साल से जेल में है मोर बाई का पति**

बुधवार को हुए गोलीकांड में घायल मोर बाई का पति संग्राम सिंह पारदी लगभग 16 सालों से जम्मू की एक जेल में सजा काट रहा है। इसी तरह राम पूजन के विरोधी अधिकांश पारदी देश की अलग-अलग जेलों में बंद हैं या फिर फरार बताए जाते हैं। लिहाजा खैजरा और आसपास के गांवों में राम पूजन का दबदबा है। बताया जा रहा है कि राम पूजन इस दबदबा और दहशत को बरकरार रखना चाहता है, इसलिए उसके द्वारा एक साल में गोलीबारी की यह दूसरी बड़ी घटना को अंजाम दिया गया है। इससे पहले भी राम पूजन कई मामलों में गोलीबारी और झगड़े को लेकर सुर्खियों में रह चुका है।



## अवैध गैस भंडारण पर प्रशासन का छापा, 46 घरेलू सिलेंडर जप्त

**गुना।** जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में आपूर्ति विभाग की टीम ने गुना नगर क्षेत्र में छापेमारी कर 46 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किए हैं, जिनका अनुमानित मूल्य लगभग 1 लाख 38 हजार रुपये बताया जा रहा है। जांच के दौरान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आशीष चतुर्वेदी, इन्दु शर्मा, खुशबू शुक्ला एवं शिवराम सिंह कुशवाह की टीम ने मेसर्स सतगुरु भारत गैस एजेंसी, खैराड़ (मधुसूदनगढ़) की गतिविधियों की पड़ताल की। टीम ने पाया कि यह एजेंसी बिना किसी वैध कागजात के गुना शहर में सिलेंडरों का अवैध संग्रह कर रही थी। श्रीराम कॉलोनी स्थित मेडिकल बगीचा में खड़े वाहन क्रमांक एमपी 06 जीए 0289 की तलाशी लेने पर उसमें 46 घरेलू गैस सिलेंडर लदे पाए गए। मौके पर उपस्थित सतगुरु गैस एजेंसी के सहायक प्रबंधक धर्मेन्द्र किरार इन सिलेंडरों से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज या अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके, जिसके बाद पूरी खेप को अवैध मानते हुए जप्त कर लिया गया। मामले की गंभीरता से लेते हुए गैस एजेंसी संचालक और प्रबंधक के विरुद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश, 2000 के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज किया है। यह कृत्य आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

## बिजली-पानी के लिए कलेक्ट्रेट में फूटा ग्रामीणों का गुस्सा



**गुना।** ग्राम पंचायत सकतपुर की सूर्यांश कॉलोनी के रहवासियों का धैर्य बुधवार को जवाब दे गया। पिछले 8 दिनों से अंधेरे में डूबे और पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान ग्रामीणों ने स्थानीय सरपंच और बिजली कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों के मुताबिक सूर्यांश कॉलोनी लगभग 10 साल पहले अस्तित्व में आई थी, लेकिन आज भी यहाँ बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। रहवासियों का आरोप है कि कॉलोनी में स्थाई बिजली कनेक्शन और पेयजल की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। अब तक ग्रामीण महा लक्ष्मी नगर पर लगी डीपी की लाइन से डायरेक्ट तार डालकर काम चला रहे थे, लेकिन हाल ही में बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने उन तारों को भी काटकर जब्त कर लिया। आक्रोशित ग्रामीण बुधवार सुबह कलेक्ट्रेट पहुंचे और गेट के बाहर ही जमीन पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि, जब तक कलेक्टर साहब खुद आकर हमारी समस्या नहीं सुनेंगे और समाधान का ठोस आश्वासन नहीं देंगे, हम यहाँ से नहीं हटेंगे। हालांकि यह गुस्सा मुख्य रूप से बिजली कंपनी की कार्यप्रणाली को लेकर था, लेकिन ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर सहयोग न मिलने के कारण सरपंच के खिलाफ भी मुदार्बाद के नारे लगाए गए। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया और कहा कि बिजली कंपनी के दल को मौके पर भेजा जा रहा है, इसलिए वे प्रदर्शन खत्म कर घर लौट जाएं। लेकिन ग्रामीण ठोस कार्रवाई पर अड़े रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि अगले 24 घंटे के भीतर बिजली बहाल नहीं हुई और समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो गुरुवार को बायपास पर जाकर नेशनल हाईवे बायपास पर चक्काजाम किया। बिजली न होने के कारण घरों में लगे मोटर पंप बंद हैं, जिससे पीने और दैनिक उपयोग के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। 8 दिनों से बिना बिजली के रह रहे बच्चों और बुजुर्गों की हालत सबसे खराब है।

## संविधान और अधिकार बचाने के लिए एकजुटता जरूरी : जयवर्धन



**गुना।** शहर के एक निजी होटल में अहिरवार समाज का विशाल सम्मेलन का आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अनुसूचित जाति कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार और पूर्व मंत्री व विधायक जयवर्धन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। सम्मेलन में वक्ताओं ने समाज के गौरवशाली इतिहास, वर्तमान राजनीतिक चुनौतियों और संविधान की रक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला।

पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने अपने संबोधन में भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार दलितों और वंचितों के अधिकारों पर हमला कर रही है। उन्होंने कहा, स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने पंचायती राज के जरिए आरक्षण लागू किया, जिससे अनुसूचित जाति, जनजाति और महिलाओं को सत्ता में भागीदारी मिली। आज भाजपा उसी आरक्षण और अधिकारों को खत्म करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने चिंता जताई कि भाजपा की इच्छाशक्ति की कमी के कारण ग्वालियर उच्च न्यायालय परिसर में बाबा साहब की प्रतिमा नहीं लग पा रही है। जयवर्धन सिंह ने कहा कि कुछ लोग भटक कर भाजपा में चले गए हैं, उनसे चर्चा कर वापस लाया जाएगा। हमें बाबा साहब के मूल मंत्र 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' को अपनाना होगा। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि 65 प्रतिशत वोट भाजपा के खिलाफ थे, लेकिन विपक्ष के बिखराव सपा, बसपा, भीम आर्मी आदि के कारण भाजपा जीत गई। भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस का मजबूत होना अनिवार्य है।

**दिग्विजय सामाजिक न्याय के मसीहा: अहिरवार**

प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि बहुजन आबादी को शिक्षा, सत्ता और व्यापार का अधिकार बाबा साहब के संविधान से मिला है। उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि इनका लक्ष्य संविधान को खत्म कर सत्ता एक विशेष वर्ग के हाथ में सौंपना है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के पितृपुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बाबा साहब का पुतला दहन किया था। साल 2028 में समाज इसका जवाब देगा। अहिरवार ने वोट चोरी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बाबा साहब ने हमें वोट का जो अधिकार दिया है, वही हमें समानता दिलाता है। हमें अपने वोट की रक्षा करनी होगी। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह और दिग्विजय सिंह को सामाजिक न्याय का मसीहा बताते हुए कहा कि इन नेताओं ने दलितों को जमीन का अधिकार देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया। जयवर्धन सिंह ने राहुल गांधी को जननायक बताते हुए कहा कि उन्होंने साल 2025 को 'जय बापू, जय भीम और जय संविधान' के नाम समर्पित किया है। सम्मेलन का समापन समाज की एकजुटता और संविधान की रक्षा के संकल्प के साथ हुआ।

## छात्राओं की समस्या और परीक्षाओं में विसंगति का आरोप



**गुना।** छात्र संगठन एआईडीएसओ के बैनर तले छात्र-छात्राओं ने पीजी कॉलेज प्राचार्य को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के कॉलेज अध्यक्ष शुभम राव ने महाविद्यालय प्रशासन की लापरवाही पर कड़ा रोष व्यक्त किया। ज्ञापन में मुख्य रूप से पिछले दो महीनों से बंद पड़ा गर्ल्स कॉमन रूम और एम.ए. अंग्रेजी साहित्य की परीक्षा की तारीखों में विसंगति की समस्या का उल्लेख किया गया है।

छात्र संगठन के मुताबिक पिछले दो महीनों से गर्ल्स कॉमन रूम के टॉयलेट चोक होने के कारण प्रशासन ने उसे पूरी तरह बंद कर दिया है। दूर-दराज के गांवों से आने वाली छात्राओं के लिए बैठने की कोई अन्य व्यवस्था नहीं है, जिससे उन्हें गैलरी या क्लासरूम के बाहर खड़ा होना पड़ता है। ऐसी स्थिति में शिक्षकों द्वारा उन्हें वहाँ से हटने के लिए कहा जाता है, जिससे छात्राएं असहज महसूस करती हैं। छात्राओं ने आरोप लगाया कि सिर्फ साफ-सफाई और मरम्मत के नाम पर महीनों तक कॉमन रूम को बंद रखना कॉलेज प्रशासन की घोर अनदेखी है, जो छात्राओं के भरोसे को तोड़ रही है। ज्ञापन का दूसरा मुख्य बिंदु एम.ए. तृतीय सेमेस्टर अंग्रेजी साहित्य की परीक्षा से जुड़ा है। संगठन ने बताया कि 30 दिसंबर 2025 को जारी नोटिस के अनुसार, आगामी 24 जनवरी 2026 को 'इंडियन राइटिंग इन इंग्लिश' और 'अमेरिकन लिटरेचर' के दो पेपर एक ही तिथि और एक ही समय पर रखे गए हैं। छात्र लगातार परेशान हैं कि एक साथ दो परीक्षाएं कैसे दी जा सकती हैं। बार-बार अवगत कराने के बावजूद अब तक तारीखों में बदलाव नहीं किया गया है, जो छात्रों की तैयारी और भविष्य के प्रति लापरवाही को दशार्ता है। डीएसओ ने मांग की है कि छात्राओं की सुविधा के लिए गर्ल्स कॉमन रूम को तत्काल दुरुस्त कर खोला जाए और एम.ए. की परीक्षा तिथि में बदलाव कर छात्रों को राहत दी जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो छात्र हितों की रक्षा के लिए वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## नई सड़क क्षेत्र से भारी मात्रा में चायनीज मांझा और मशीनें जप्त

नवभारत न्यूज

**गुना।** मकर संक्रांति पर्व से पहले प्रतिबंधित चायनीज मांझे के खिलाफ नगर पालिका परिषद गुना ने आज एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) सुश्री मंजुषा खत्री के नेतृत्व में नगर पालिका के अतिक्रमण दस्ते ने शहर के नई सड़क क्षेत्र में विभिन्न दुकानों पर औचक छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान न केवल भारी मात्रा में घातक चायनीज मांझा जप्त किया गया, बल्कि इसे बनाने वाली मशीनें भी बरामद की गई हैं। नगर पालिका ने नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध मौके पर ही चालानी कार्रवाई भी की। सीएमओ सुश्री मंजुषा खत्री ने बताया कि हाल ही में शहर में चायनीज मांझे के कारण एक बच्चे की गर्दन कटने की हृदय विदारक घटना सामने आई थी, जिसे प्रशासन ने बेहद गंभीरता से लिया है। इसी के चलते जिला प्रशासन और नगर पालिका द्वारा इसके विक्रय और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने कड़े लहजे में चेतावनी दी कि यदि शहर में कोई भी दुकानदार चोरी-छिपे चायनीज मांझा बेचते हुए पाया जाता है, तो उस पर न केवल भारी जुमार्ना लगाया जाएगा, बल्कि वैधानिक कठोर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। नगर पालिका ने आम नागरिकों और पतंगबाजी के शौकीनों से भी भावुक अपील की है कि वे अपनी खुशी के लिए किसी और की जान जोखिम में न डालें। सीएमओ ने कहा कि चायनीज मांझा इंसानों के साथ-साथ बेकसूर पशु-पक्षियों के लिए भी जानलेवा साबित होता है, इसलिए सुरक्षित और सूती धागे का ही उपयोग करें। इस छापेमारी की कार्रवाई से अवैध मांझा विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है। प्रशासन का कहना है कि आगामी त्यौहार तक यह निगरानी और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## प्रसव सेवाओं में अवैध वसूली मिली तो होगी कड़ी कार्रवाई



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आज सिविल हॉस्पिटल आरोन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सबसे कड़ा रुख प्रसव सेवाओं को लेकर अपनाया। कलेक्टर ने अस्पताल प्रबंधन और स्टाफ को स्पष्ट शब्दों में निर्देशित किया कि प्रसव सेवाओं के बदले किसी भी प्रकार की अवैध राशि की मांग या भ्रष्टाचार की शिकायत सामने नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासकीय स्वास्थ्य सेवाएं पूर्णत: नि:शुल्क हैं और यदि कोई भी कर्मचारी अवैध वसूली में लिप्त पाया गया, तो उस पर तत्काल कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**कलेक्टर की सख्त चेतावनी : सिविल हॉस्पिटल आरोन का किया निरीक्षण**

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल की आपातकालीन व्यवस्थाओं और वार्डों का जायजा लिया। सीएमएचओ के सुझाव पर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अब से प्रत्येक मरीज के बेड के पास एक 'हेल्थ चार्ट' लगाया जाए। इस चार्ट में मरीज का नाम, बीमारी का विवरण और उसे दिए जा रहे उपचार की जानकारी दर्ज होगी। कलेक्टर के अनुसार, इस व्यवस्था से उपचार में पारदर्शिता आएगी और परिजनों को मरीज की स्थिति समझने में आसानी होगी। प्रसव सेवाओं के अलावा कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का भी निरीक्षण किया, जहाँ उन्होंने भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य और माताओं को दिए जा रहे परामर्श की जानकारी ली। साथ ही, आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में कोई भी पात्र हितग्राही कार्ड से वंचित न रहे। उन्होंने मोबाइल वैन और स्टैटिक केंद्रों के माध्यम से शत-प्रतिशत कार्ड निर्माण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक के अंत में उन्होंने बीएमओ को निर्देशित किया कि केवाईसी लंबित होने या माइग्रेशन जैसी तकनीकी समस्याओं का समाधान कर प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने दोहराया कि अस्पताल आने वाले हर गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति को बिना किसी परेशानी और बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के बेहतर इलाज मिलना चाहिए।

**आरोप** कलेक्टर के आदेशों का मखौल : लगाए गंभीर आरोप, दोनों को हटाने की मांग

# जनसुनवाई में रोजगार सहायक, सचिव के खिलाफ सरपंच ने की शिकायत

नवभारत न्यूज

**गुना।** जिले की जनपद पंचायत गुना के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मारकी महू में प्रशासनिक व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं। स्थिति यह है कि जनता की समस्याओं का निराकरण करने वाली सरपंच स्वाति सुनील राठौर को खुद कलेक्टर की जनसुनवाई में गुहार लगानी पड़ रही है। सरपंच ने ग्राम पंचायत सचिव मोतीलाल नायक और रोजगार सहायक रवि धाकड़ पर मनमानी और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाते हुए उनके तत्काल तबादले की मांग की है। सरपंच ने शिकायती आवेदन में बताया कि सचिव और रोजगार सहायक की लापरवाही के कारण करीब 20-30 सहरिया महिलाएं पिछले 1 से 2 वर्षों से 'सहरिया पोषण आहार' योजना के लाभ से वंचित हैं। सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने के बावजूद पोर्टल पर कार्य नहीं किया गया। इसी तरह 15-20 पेंशनधारियों और कई परिवारों के खातों में वर्षों से पैसा नहीं पहुँचा है। सरपंच ने क्षेत्र में खाद्य विभाग की मिलीभगत से सैकड़ों फर्जी राशन पर्ची जनरेट किए जाने की आशंका भी व्यक्त की है, जो एक बड़े घोटाले की ओर इशारा करती है।



**दुकान बंद कर घर पर जनसुनवाई का दावा**

शासन के निर्देशांनुसार हर मंगलवार को ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई होना अनिवार्य है, लेकिन मारकी महू में आज तक एक भी जनसुनवाई नहीं हुई। जब इस संबंध में रोजगार सहायक रवि धाकड़ से फोन पर बात की गई, तो उन्होंने दावा किया कि वे अपने घर पर जनसुनवाई कर रहे हैं। लेकिन जब मौके पर जाकर देखा गया तो वहाँ दुकान बंद मिली। यह सीधे तौर पर कलेक्टर के आदेशों की अवहेलना और शासकीय कार्य के प्रति घोर लापरवाही को दशार्ता है।

**नियमों की धज्जियां: आदेश के बाद भी जमे हैं कर्मचारी**

सरपंच ने बताया कि स्थानीय निवासी को उसी ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक नहीं रखा जाएगा, लेकिन मारकी महू में इस आदेश का पालन नहीं हो रहा है। सचिव मोतीलाल नायक को यहाँ पदस्थ हुए 3 वर्ष बीत चुके हैं और उनके पास अतिरिक्त प्रभार है, जिससे पंचायत का कामकाज ठप पड़ा है। पूर्णकालिक मूल सचिव दिया जाए और वर्तमान लापरवाह कर्मचारियों को तत्काल हटाया जाए। सीईओ को बार-बार अवगत कराने के बाद भी कार्रवाई न होना प्रशासनिक मिलीभगत पर सवाल उठाता है। देखना यह है कि कलेक्टर मामले में संज्ञान लेकर मारकी महू को इन लापरवाह कर्मचारियों से निजात दिलाते हैं या नहीं।

## अमित सोनी ने किया जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण

**गुना।** एसडीएम राघौगढ़ अमित सोनी द्वारा आज राघौगढ़ स्थित जल शोधन संयंत्र (फिल्टर पॉइंट) का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने नगर में होने वाली पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता और शुद्धता की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के समय उन्होंने लैब टेक्नीशियन को कड़े निर्देश दिए कि जनता को दिए जाने वाले पानी की जांच प्रतिदिन अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पानी को शुद्ध बनाने के लिए इसमें फिटकरी और ब्लीचिंग पाउडर की पर्याप्त मात्रा डाली जानी चाहिए, ताकि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके और जलजनित रोगों की संभावना न रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संयंत्र की कार्यप्रणाली को देखा और लैब रिकॉर्ड का भी अवलोकन किया।

## लोकतंत्र सेनानी किशोरी लाल पंचतत्व में विलीन, राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

नवभारत न्यूज

**गुना।** लोकतंत्र सेनानी और मीसाबंदी किशोरी लाल चौरसिया का अंतिम संस्कार आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ बूढ़े बालाजी मुक्तिधाम पर संपन्न हुआ। उनके निधन से शोक की लहर व्याप्त है और अंतिम विदाई के समय बड़ी संख्या में नागरिक व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अंतिम संस्कार की रस्मों के पूर्व शासन की ओर से उनके पार्थिव शरीर को 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अखिलेश जैन ने दिवंगत चौरसिया के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर प्रशासन की ओर से श्रद्धांजलि दी। अंतिम यात्रा और संस्कार के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी और तहसीलदार जीएस बैरवा भी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी



गणमान्य नागरिकों और अधिकारियों ने लोकतंत्र की रक्षा में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया।